# MP Specific Current Affairs March 2021

## मध्य प्रदेश का बजट: 2021-22

2 मार्च, 2021 को मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत किया । वर्ष 2021-22 का बजट डिजिटली प्रस्तुत किया। इस बजट को 'आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश' को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न योजनाएं मिशन मोड में तैयार किया गया है ।

**बजट के मुख्य बिंदु-**

- वर्ष 2021-22 के लिए कुल विनियोग की राशि 2 41 375 करोड़ रुपये, राजस्व व्यय के अंतर्गत 1726971 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत व्यय के अंतर्गत 44152 करोड़ रूपये प्रस्तावित है ।
- सामाजिक-आर्थिक उत्थान की योजनाओं के लिए वर्ष 2021-22 के लिए समग्र रूप से बजट अनुमान 112521 करोड़ रूपये है ।
- इसके अनुसार वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा 50938 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत अनुमानित है।
- इस वर्ष 8 हजार 294 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुमानित है।
- वर्ष 2021-22 में पूंजीगत परिव्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.90 प्रतिशत अनुमानित है।
- वर्ष 2021-22 में राजस्व घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 0.73 प्रतिशत है।
- वर्ष 2021-22 में ब्याज भुगतान कुल राजस्व प्राप्तियों का 12.72 प्रतिशत है।
- भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के लिए लगभग 19 353 करोड़ रुपये के अतिरिक्त संसाधन का प्रावधान किया गया है।
- इसके अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्रों को जोड़ने वाले 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।
- ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट की विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट विकसित करने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है।
- राज्य में खगोल विज्ञान के प्रचार-प्रसार हेतु उज्जैन क्षेत्रीय विज्ञान, उप-केंद्र कार्य कर रहा है एवं जबलपुर में नया क्षेत्रीय विज्ञान उप-केंद्र स्थापित किया जाएगा।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests


- किसानों की फसल का उपार्जन सुगमता से हो सके इस उद्देश्य से एक नई योजना- 'मुख्यमंत्री फसल उपार्जन सहायता योजना' लागू करना प्रस्तावित है। इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।
- युवाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आकर्षित करने हेतु नाना जी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा ज्ञान पोर्टल तैयार किया गया है।
- वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से एक नवीन योजना- 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार (ब्याज परिदान) योजना प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।
- पन्ना में डायमंड म्यूजियम स्थापित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।
- जटाशंकर, जिला छतरपुर में रोप-वे का निर्माण प्रस्तावित है।
- निर्भया फंड से महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के बारे में जागरुकता लाने के लिए सेफ सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। इसकी वार्षिक थीम का विषय है- 'लड़कियों व महिलाओं के प्रति सम्मानपूर्वक नजरिए व व्यवहार को बढ़ावा देना तथा छेड़छाड़ मुक्त शहर का निर्माण करना।'
- म.प्र. सरकार लापता बच्चों को उनके घर वापस लाने के लिए 'मुस्कान अभियान' चला रही है।

## **मध्य प्रदेश में लांच किया गया 'MICE Roadshow - Meet in India' ब्रांड**

'MICE Roadshow Meet in India' ब्रांड और रोडमैप को बढ़ावा देने के लिए 'MICE Destination' को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 25 मार्च, 2021 को खजुराहो में लॉन्च किया गया। इसके अतिरिक्त खजुराहो में 'छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर' भी लांच किया गया, जिसे पर्यटन मंत्रालय की 'स्वदेश दर्शन योजना' के तहत विकसित किया गया है।

**मुख्य तथ्य-**

- 'MICE Roadshow- Meet in India' का आयोजन मध्य प्रदेश के 'छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में 25 मार्च से 27 मार्च, 2021 तक किया गया ।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को MICE Destination (Meetings, Incentives, Conferences and Exhibitions) के रूप में बढ़ावा देना है
- इस कार्यक्रम को मध्य प्रदेश पर्यटन और भारत कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (India Convention Promotion Bureau) के सहयोग से पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था ।



- यह इवेंट भारत की 'MICE' क्षमता को साकार करने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत' (Aatmanirbhar Bharat) के तहत एक प्रयास था जो भारत को MICE गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए सरकार की पहलों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है ।

## मध्य प्रदेश विधानसभा में धार्मिक स्वतंत्रता बिल

मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में "मध्यप्रदेश स्वतंत्रता विधेयक, 2021" पास किया है । इस विधेयक ने उस अध्यादेश का स्थान ले लिया है, जिसे सरकार ने किसी भी कपटपूर्ण माध्यम से धार्मिक धर्मांतरण को रोकने के लिए लाया था।

**मुख्य तथ्य-**

नए विधेयक ने उस अध्यादेश का स्थान ले लिया है, जिसे सरकार ने दिसंबर 2020 में मंजूरी दे दी थी और जनवरी 2021 में प्रख्यापित किया था। इस विधेयक में कुछ मामलों में 10 साल के कारावास के प्रावधान और उल्लंघनकर्ताओं के लिए जुर्माना शामिल है। यह विधेयक गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया था ।

## सिंगोरगढ़ किले का संरक्षण कार्य

7 मार्च, 2021 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मध्य प्रदेश में दमोह जिले के सिंगरामपुर गाँव में सिंगोरगढ़ किले के संरक्षण कार्यों की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के जबलपुर सर्कल का भी उद्घाटन किया।

**अन्य तथ्य-**

- जबलपुर शहर से लगभग 50 किमी. दूर दमोह जिले में सिंगोरगढ़ किला स्थित है। यह महाराजा संग्राम शाह के 52 गढ़ों में से चौथा है ।
- यह किला गोंडवाना की रानी दुर्गावती की वीरता की गाथा के साथ जुड़ा हुआ है। सिंगोरगढ़ किला एक पहाड़ की चोटी पर बनाया गया था ।
- वर्ष 1564 में रानी दुर्गावती के शासन के तहत, गढ़ साम्राज्य के अंतिम युद्ध में इस किले पर हमला किया गया था।

## मध्य प्रदेश पर्यटन द्वारा नाइट सफारी की शुरुआत

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

4 मार्च 2021 मध्य प्रदेश द्वारा तीन राष्ट्रीय उद्यानों में रात्रि सफारी का प्रारम्भ किया गया | राज्य द्वारा यह कदम पर्यटन के लिए एक प्रमुख बढ़ावा है ।

**मुख्य तथ्य-**

- तीन पार्कों में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और पेंच राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।
- आमतौर पर, सफारी दिन के दौरान आयोजित की जाती है क्योंकि पर्यटक दिन के उजाले में सुरक्षित महसूस करते हैं। लेकिन दिन की सफारी के कारण, पर्यटक अपने प्राकृतिक आवास में निशाचर जानवरों को नहीं देख पाते ।
- सफारी के तहत राज्य द्वारा मार्ग तय किए जाएंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि न तो जानवरों और न ही पर्यटकों को नुकसान पहुंचे।
- नाइट सफारी को वन्यजीव सफारी आरक्षण पोर्टल पर बुक किया जा सकता है, जो राज्य के वन विभाग द्वारा संचालित है ।

gradeup

## चरखा खादी मेला 2021


मध्य प्रदेश खाड़ी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा भोपाल के रविन्द्र भवन परिसर में 7 से 16 मार्च 2021 तक 'चरखा खादी मेला 2021' का आयोजन किया गया |

**उद्देश्य-**

चरखा खादी मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जन में खाड़ी के प्रति लगाव को बढ़ावा देना और खाड़ी वस्त्रों के क्षेत्र में किये गये नवाचारों से रु-ब-रु कराना है | मेले में वस्त्रों के आलावा खाड़ी ग्रामोद्योग के अन्य उत्पाद भी उपलब्ध कराये गये |

## इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम (आईएमएस) सम्मान

भोपाल की शान-ए भोपाल हबीबगंज-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम (IMS) सम्मान मिला है। भारतीय रेलवे ने पहली बार किसी यात्री गाड़ी को इसका प्रमाण पत्र जारी किया है । भारतीय रेल में पहली बार एक सवारी गाड़ी हबीबगंज-हजरत निजामुद्दीन-हबीबगंज भोपाल एक्सप्रेस को यह सम्मान मिला है।



पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह को प्रमाणन एजेंसी ए मार्क रेटिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह दिया गया है ।

## मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी समारोह

मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, जबलपुर ने एक अद्वितीय कार्यक्रम 'ऑल इंडिया स्टेट ज्यूडिशियल एकेडेमीज़ डायरेक्टर्स रिट्रीट' का 6 और 7 मार्च, 2021 को जबलपुर में आयोजन किया गया । यह रिट्रीट इस देश में आयोजित अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था ।

दो दिनों के इस आयोजन में देश भर के 24 राज्यों के न्यायिक अकादमियों के सभी अध्यक्ष/प्रभारी न्यायाधीश और डायरेक्टर्स ने भाग लिया । कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा किया गया |

## इंदौर में आयोजित कत्थक और शास्त्र पर विश्व की पहली इंटरनेशनल कांफ्रेंस

01 से 02 मार्च को इंदौर शहर में कत्थक और शास्त्र पर विश्व की पहली इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया | विश्व में पहली बार कथक और शास्त्र विषय पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है | इसका शुभारंभ महाराष्ट्र के राज्यपाल कोशिआरी के द्वारा किया गया । इस कॉन्फ्रेंस की थीम 'कथक और शास्त्र' थी ।

**अन्य तथ्य-**

- इस आयोजन के तहत डॉ. दाधीच के निर्देशन में सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च इन कथक पर देश का पहला सेंटर भी स्थापित किया गया है।
- यह केंद्र कथक में शास्त्रों को दृढ़ करेगा तथा इसमें पांडुलिपियों का संग्रह किया जाएगा और कथक में प्राचीन परंपराओं को पुनः प्रचलित करने का प्रयास भी किया जाएगा ।

## खंडवा मेडिकल कॉलेज का नाम परिवर्तित कर नंदकुमार सिंह चौहान किया गया

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खंडवा मेडिकल कॉलेज का नाम दिवंगत सांसद नंदकुमार सिंह चौहान के नाम पर करने की घोषणा की है। इसके अलावा बुरहानपुर जिला अस्पताल का नामकरण भी नंदकुमार सिंह चौहान की स्मृति में होगा ।

खंडवा के सरकारी मेडिकल कॉलेज और बुरहानपुर का सरकारी जिला अस्पताल, नगर पालिका भवन और गन्ना अनुसंधान केन्द्र का नाम दिवंगत नंदकुमार सिंह चौहान के नाम पर किया

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

जाएगा । इसके साथ ही शाहपुर कस्बे में चौहान की मूर्ति स्थापित की जाएगी । नंदकुमार सिंह चौहान खंडवा से छह बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे ।

**<u>दमोह में जनजातीय सम्मेलन का आयोजन</u>**

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने 07 मार्च को मध्य प्रदेश में दमोह जिले के संग्रामपुर गांव में सिंगोरगढ़ किले के संरक्षण कार्यों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही  भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नए जबलपुर सर्कल का भी उद्घाटन किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और मध्य प्रदेश के जनजातीय मामले विभाग द्वारा किया गया था ।

**<u>दतिया बनेगा एजुकेशन हब</u>**


6 मार्च को गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा दतिया को एजुकेशन हब बनाने की घोषणा की है | दतिया में स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पत्रकारिता महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, वैटनरी कॉलेज, फिशरीज कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज का निर्माण किया जाएगा |

**<u>फोर्ब्स इंडिया मैग्जीन में मध्यप्रदेश के डॉ. आशीष मिश्रा</u>**

फोर्ब्स इंडिया द्वारा मार्च 2021 के कवर पेज और कवर स्टोरी के लिए उम्लौट इंडिया आईटी कंसल्टिंग के सीईओ आीशष मिश्रा को चयनित किया गया है । डॉ. आशीष जबलपुर में जन्मे और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीई की पढ़ाई करने के बाद दिल्ली गए और उसके बाद उन्होंने जर्मनी में काम करना शुरू किया ।

**<u>शंकरशाह और रानी दुर्गावती पुरस्कार</u>**

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने जनजातीय वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शंकरशाह और रानी दुर्गावती पुरस्कार से पुरस्कृत किया । कुमारी सारिका ठाकुर और मुस्कान रावत को रानी



दुर्गावती पुरुस्कार तथा पंकज धुर्वे और रविन्द्र एड़पचे को शंकरशाह पुरुस्कार से सम्मानित किया गया ।

## 46वां उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह

पद्म विभूषित विश्वविख्यात संगीत सम्राट उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत समारोह का 46वां संगीत समारोह का आयोजन 19 से 21 मार्च तक मैहर में आयोजित किया गया |

**अलाउद्दीन खां-**

अलाउद्दीन खाँ का जन्म वर्ष 1862 में मध्यप्रदेश के त्रिपुरा के शिबपुर गाँव में हुआ था । अलाउद्दीन खां एक बहुप्रसिद्ध सरोद वादक थे, जिन्हें अन्य वाद्य यंत्रों को बजाने में भी महाराथ हासिल थी । उस्ताद अलाउद्दीन खां का 6 सितंबर 1972 को निधन हुआ था ।

## मध्य प्रदेश में मिशन ग्रामोदय का प्रारम्भ

18 मार्च को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश में मिशन ग्रामोदय शुरू किया गया | इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास किया जाएगा । मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास सुविधाएँ देने के साथ ही मूलभूत और आधारभूत संरचनाओं का विस्तार भी किया जाएगा ।

**उद्देश्य-**

राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों को मुलभुत और बुनियादी ढाँचा प्रदान करना और जरुरतमंदों को आवास उपलब्ध करना |

**विशेषताएँ-**

- ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 10600 सामुदायिक निर्माण कार्यों का उद्घाटन इस कार्यक्रम के तहत किया जाएगा | निर्माण कार्यों में शामिल हैं-
- 6000 समुद्यिक स्वछता परिसर
- 2000 खेल मैदान
- 2000 शांति धाम
- 634 पंचायत भवन
- इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 लाख लाभार्थियों के लिए 2000 करोड़ रुपये जरी करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी |

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- 1562 करोड़ रुपये की लगत से 1.25 लाख घरों के मिशन ग्रामोदय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपी गयी थी |
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को मध्य प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है |

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल

केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के अनुसार मध्यप्रदेश में ग्रामीण विकास योजनाओं विशेषकर प्रधानमंत्री आवास तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है ।

**अन्य तथ्य-**


- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है ।
- मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक आवास बन चुके हैं ।
- कृषि क्षेत्र में मप्र ने पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ दिया है ।
- अनेक ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र देश के अव्वल 5 राज्यों में शामिल है ।

## इंदौर जिले के 41 थानों पर शुरू हुई ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क

घरेलू हिंसा, महिला अपराधों की रोकथाम व शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न पर त्वरित सुनवाई कर कार्रवाई हेतु केंद्रीय गृह मंत्रालय, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा केन्द्रीय आर्थिक एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से प्रदेश के समस्त जिलों के 700 थानों में "उर्जा महिला हेल्प डेस्क" स्थापित किए गये हैं, जिनका शुभारंभ 30 मार्च 2021 को जबलपुर हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधिपति प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा किया गया ।

**अन्य तथ्य-**

- महिला ऊर्जा डेस्क का उद्देश्य है कि पीड़ित व सताई गयी महिलाएं बिना किसी झिझक व निडरता के साथ अपनी समस्याएं बता सके |



- महिला डेस्क पर महिला पुलिस अधिकारियों को पदस्थ किया गया है।
- वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला अधिकारी हेल्प डेस्क के प्रभारी के रूप में संचालन करेगी ।
- ये हेल्प डेस्क अन्य विभागों से समन्वय के लिए केंद्र के तौर पर काम करेगी।
- डेस्क संचालन के लिये पुलिस मुख्यालय द्वारा जो एसओपी बनाई गई है, उसके अनुसार ही डेस्क का बेहतर क्रियान्यवन किया जाएगा ।

## केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट

22 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना के समझौता ज्ञापन पर मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जो नदियों को आपस में जोड़ने के लिये राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (National Perspective Plan) की पहली परियोजना है।

**अन्य तथ्य-**

- इस प्रोजेक्ट के तहत मध्य प्रदेश की केन नदी और उत्तर प्रदेश की बेतवा नदी को लिंक किया जाएगा |
- इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्य प्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।
- इस परियोजना में 77 मीटर लंबा और 2 किमी. चौड़ा दौधन बांध (Dhaudhan Dam) एवं 230 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण कार्य शामिल है।
- केन-बेतवा देश की 30 नदियों को जोड़ने हेतु शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजनाओं (River Interlinking Projects ) में से एक है ।
- इस परियोजना से सूखाग्रस्त बाँदा, ललितपुर, हमीरपुर, झाँसी व महोबा जिले के करीब 2.50 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था होगी और 35 लाख जनसंख्या को शुद्ध पेयजल मिलेगा |
- केन और बेतवा नदियों का उद्गम स्थल मध्य प्रदेश में है, ये यमुना की सहायक नदियाँ हैं।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- केन नदी उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले में यमुना नदी में मिलती है तथा बेतवा नदी से यह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर ज़िले में मिलती है।
- राजघाट, पारीछा और माताटीला बाँध बेतवा नदी पर निर्मित हैं।
- केन नदी पन्ना बाघ अभयारण्य से होकर गुज़रती है।

## 27 वें हुनर हाट का भोपाल में आयोजन

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में 27वें हुनर हाट का आयोजन 12 से 21 मार्च किया गया | इसका विषय वोकल फॉर लोकल था । भोपाल में संपन्न हुए हुनर हाट में 31 से ज्यादा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से ज्यादा कारीगर और शिल्पकारों ने हिस्सा लिया था |

**अन्य तथ्य-**

- भोपाल के "हुनर हाट" में अजरख प्रिंट, एप्लीक वर्क, आर्ट मेटल वेयर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, बाग प्रिंट, बंधेज, ब्लैक पॉटरी, ब्लॉक प्रिंट, जूट-बांस उत्पाद, पीतल के उत्पाद, चिकनकारी, खादी उत्पाद, चमड़े का उत्पाद, मिट्टी-लकड़ी-धातु के खिलौने, संगमरमर के उत्पाद, चंदन उत्पाद आदि उपलब्ध थे ।
- अगले "हुनर हाट" का आयोजन गोवा में (25 मार्च से 04 अप्रैल) तक, देहरादून में (9 अप्रैल से 18 अप्रैल) तक, सूरत में (23 अप्रैल से 2 मई) तक किया जाएगा । इसके अलावा इस वर्ष "हुनर हाट" का आयोजन कोटा, हैदराबाद, मुंबई, जयपुर, पटना, प्रयागराज, रांची, गुवाहाटी, भुवनेश्वर जम्मू-कश्मीर आदि में भी किया जाएगा ।

## खंडवा जिले के साहित्यकार शरद पगारे को व्यास सम्मान

के.के. बिरला फाउंडेशन (नई दिल्ली) की तरफ से शरद पगारे को व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया | के.के. बिरला फाउंडेशन के वर्ष 2020 के व्यास सम्मान के लिए प्रो. शरद पगारे के एतिहासिक उपन्यास 'पाटलिपुत्र की सम्राज्ञी' का चयन किया गया है | इस पुस्तक का प्रकाशन वर्ष 2010 में हुआ था । व्यास सम्मान पाने वाले वह मध्य प्रदेश के पहले हिंदी लेखक हैं |

gradeup



Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

इस सम्मान में उन्हें चार लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ ही प्रशस्ति व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया |

साहित्यकार शरद पगारे का जन्म 5 जुलाई, 1931 को खंडवा (मध्यप्रदेश) में हुआ था | पगारे को मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, भारतभूषण सम्मान के अतिरिक्त कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है |

## राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक

मार्च माह में बैंगलुरू के अग्रम राइडिंग क्लब में सम्पन्न राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ी फराज खान और राजू सिंह भदौरिया ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक मध्य प्रदेश को दिलाए ।

**अन्य तथ्य-**

- प्रतियोगिता में फराज खान ने हर्लीकेन अश्व पर प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए कॉनकार्ड क्रास कन्ट्री नेशनल (सीसीएन) वन स्टार सीनियर व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किया।
- प्रतियोगिता के प्री नोवाइस टीम इवेन्ट में फराज खान ने अजान अश्व और राजू सिंह ने प्रताप अश्व पर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते ।
- प्रतियोगिता में राजूसिंह ने प्री नोवाइस क्रास कन्ट्री व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रताप अश्व पर प्रदर्शन कर रजत पदक अर्जित किया।

## प्रथम राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक

हरियाणा के फरीदाबाद शहर में में एक से 5 मार्च, 2021 तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी रूबिना फ्रांसिस ने महिला वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया ।

**अन्य तथ्य-**

- रूबिना ने यह पदक 557 अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी सोनिया शर्मा ने 550 और दिल्ली की पूजा अग्रवाल ने 549 अंक हासिल कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- इससे पूर्व रूबिना फ्रांसिस  वर्ष 2017 में बैंकाक में आयोजित विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेन टीम इवेन्ट में जूनियर वर्ल्ड रिकार्ड बनाते हुए देश को एक स्वर्ण पदक दिलाया था ।
- रूबिना फ्रांसिस ने आठ अंतरराष्ट्रीय पैरा शूटिंग प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है ।

## मनीषा कीर ने जीता स्वर्ण पदक

दिल्ली में खेली जा रही विश्व शूटिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की स्टार खिलाड़ी मनीषा कीर ने महिलाओं के ट्रैप टीम इवेंट में देश को स्वर्ण पदक दिलाया । टीम में मनीषा के साथ श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी भी शामिल थी । फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को 6-0 के अंतर से पराजित किया ।

इस पदक को मिलाकर विश्व कप में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक देश को दिलाए हैं ।

मनीषा कीर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते है । उन्होंने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं में 21 स्वर्ण, छह रजत एवं छह कांस्य पदक इस प्रकार कुल 33 पदक जीते है ।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests